**प्रसार भारती**
**आकाशवाणी शिमला**
**05.06.2024 / प्रादेशिक समाचार / 19:45 बजे**

**" मुख्य समाचार"**

- एन.डी.ए. ने सर्वसम्मति से नरेंद्र मोदी को चुना अपना नेता–जल्द ही एन.डी.ए पेश करेगा सरकार बनाने का दावा।
- 17वीं लोकसभा भंग राष्ट्रपति ने स्वीकार किया प्रधानमंत्री पद से नरेंद्र मोदी का इस्तीफा।
- शिमला में यातायात समस्या के समाधान के लिए जाखू पहाड़ के नीचे बनेगी लगभग एक किलो मीटर की सुरंग।
- विश्व पर्यावरण दिवस पर प्रदेश भर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित–राज्यपाल ने पर्यावरण संरक्षण को बताया सभी की नैतिक जिम्मेदारी।

...............

**एन.डी.ए.**

राष्ट्रीय लोकतंत्र गठनबंधन एन.डी.ए. ने नरेंद्र मोदी को सर्वसम्मति से अपना नेता चुना है। एन.डी.ए. की आज दिल्ली में हुई बैठक में नरेंद्र मोदी को नेता चुनने का फैसला हुआ। बैठक में जल्द ही राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू से मिलकर सरकार बनाने का दावा पेश करने का निर्णय लिया गया। बैठक में कहा गया कि देश की एक सौ 40 करोड़ जनता ने प्रधानमंत्री के नेतृत्व में एन.डी.ए. सरकार की जन कल्याणकारी नीतियों से बीते 10 सालों में देश को विकसित होते हुए देखा है।

**सरकार गठन**

इससे पूर्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आवास पर आज हुई केन्द्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में, 17वीं लोकसभा को भंग करने की सिफारिश की गई। बैठक में केन्द्रीय मंत्री अमित शाह, नितिन गडकरी, राजनाथ सिंह और अन्य कैबिनेट मंत्री उपस्थित थे। प्रधानमंत्री इस बैठक के तुरंत बाद राष्ट्रपति भवन पहुंचे जहां उन्होंने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को अपना इस्तीफा सौंपा। राष्ट्रपति ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का इस्तीफा स्वीकार कर लिया है। अगली सरकार बनने तक नरेन्द्र मोदी कार्यवाहक प्रधानमंत्री के रूप में बने रहेंगे। इस बीच, आज दिल्ली में प्रधानमंत्री के आवास पर एन.डी.ए की भी बैठक हुई। इसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में लगातार तीसरी बार सरकार गठन के लिए भावी रणनीति पर विचार किया गया। बैठक में तेलुगु देशम पार्टी के प्रमुख एन.चंद्रबाबू नायडु जनता दल यूनाइटेड अध्यक्ष और बिहार के मुख्यममंत्री नितीश कुमार और लोक जनशक्ति पार्टी नेता चिराग पासवान सहित अन्य घटक दलों के नेता शामिल हुए।

आई. एन.डी. आई. ए. गठबंधन की भी आज दिल्ली में बैठक हुई। बैठक में चुनाव नतीजों और आगे की रणनीति पर विचार किया गया।

**राकेश जम्वाल**

भाजपा के मुख्य प्रवक्ता व विधायक राकेश जम्वाल ने प्रदेश सरकार पर राज्य के खजाने पर बेवजह बोझ डालने का आरोप लगाया है। राकेश जम्वाल ने आज शिमला में एक बयान में कहा कि यदि तीनों निर्दलीय विधायकों के इस्तीफे 30 अप्रैल से पहले स्वीकार कर लिए जाते तो लोकसभा चुनाव के साथ इन क्षेत्रों में भी उप–चुनाव हो सकते थे और अतिरिक्त खर्च से बचा जा सकता था। उन्होंने कहा कि निर्दलीय विधायकों के निर्वाचन क्षेत्रों में होने वाले उप–चुनाव के खर्च के लिए मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू पूरी तरह जिम्मेवार है। उन्होंने प्रदेश के खजाने पर अनचाहा बोझ डालने के लिए मुख्यमंत्री की आलोचना की।

**लेखा जोखा**

लोकसभा चुनाव और विधानसभा उप–चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों को चुनाव परिणाम आने के 30 दिनों के भीतर चुनाव में हुए खर्च का अनिवार्य रूप से निर्वाचन विभाग को लेखा जोखा देना होगा। विभाग के एक प्रवक्ता ने आज शिमला में कहा कि ऐसा नहीं करने वाले प्रत्याशियों के खिलाफ चुनाव आयोग कार्रवाई कर सकता है। उन्होंने कहा कि चुनाव का लेखा जोखा देने के लिए संबंधित चुनाव क्षेत्रों में 30 जून को मेल–मिलाप बैठकों को आयोजन किया जाएगा।

**नीट**

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने मेडिकल स्नातक प्रवेश परीक्षा–नीट–यूजी का परिणाम घोषित कर दिया है। परिणाम सम्बधित वेबसाइट पर देखे जा सकते हैं। यह परीक्षा पांच मई को आयोजित की गई थी।

**भाजपा**

भाजपा के मुख्य प्रवक्ता व विधायक रणधीर शर्मा ने कहा है कि प्रदेश में संपन्न लोकसभा चुनाव में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू और कांग्रेस के बड़े नेताओं की लोकप्रियता कहीं भी नजर नहीं आई। रणधीर शर्मा ने आज शिमला में एक बयान में कहा कि मुख्यमंत्री सहित कांग्रेस के सभी नेताओं और मंत्रियों के विधानसभा क्षेत्रों में भाजपा को बढ़त मिली है। इससे स्पष्ट है कि प्रदेश की जनता सरकार की कार्यप्रणाली से संतुष्ट नहीं है। इसके विपरित भाजपा के सभी बड़े नेताओं ने अपने–अपने विधानसभा क्षेत्रों

से पार्टी उम्मीदवार को बड़ी लीड़ दिलाई। इसी तरह कांग्रेस के स्टार प्रचारक जहां–जहां प्रचार के लिए पहुंचे वहां भी कांग्रेस को हार का सामना करना पड़ा।

## भर्ती

अग्नि पथ योजना के तहत कांगड़ा और चंबा जिला के पहले चरण में चयनित अभियार्थियों के लिए दूसरे चरण की प्रक्रिया 27 जून से आठ जुलाई तक आयोजित होगी। सेना भर्ती कार्यालय पालमपुर के भर्ती निदेशक कर्नल मनीष शर्मा ने कहा कि पहले ये प्रक्रिया 28 जून से आरंभ होनी थी। उन्होंने कहा कि भर्ती की ये प्रक्रिया धर्मशाला के स्पोर्टस सिंथेटिक ट्रैक पर होगी और स्थान व समय में कोई परिवर्तन नहीं किया गया है।

## मुख्यमंत्री

प्रदेश सरकार राजधानी शिमला में यातायात की समस्या के निवारण के लिए जाखू पहाड़ के नीचे हिमफैड पेट्रोल पम्प से आई.जी.एम.सी शिमला तक सर्कुलर रोड़ पर डबल लेन सुरंग का निर्माण करेगी। इस सुरंग की लम्बाई 8 सौ 90 मीटर होगी। ये बात मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज शिमला में लोकनिर्माण विभाग की समीक्षा बैठक के अध्यक्षता करते हुए कही। उन्होंने कहा कि दो सौ 95 करोड़ रूपए की लागत से बनने वाली इस सुरंग के लिए 100 करोड़ रूपए पहले ही जारी किए जा चुके हैं। उन्होंने सर्कुलर रोड़ पर सुचारू यातायात के लिए सभी बाधाओं को दूर करने के लोकनिर्माण विभाग को निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने ये भी कहा कि सरकार शिमला में ओवरहेड तारों को हटाने और इन्हें भूमिगत करने पर 23 करोड़ रूपए खर्च कर रही है। लोकनिर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह भी इस मौके पर मौजूद रहे।

## पर्यावरण दिवस

विश्व पर्यावरण दिवस आज प्रदेश भर में धूमधाम से मनाया गया। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने इस मौके पर राजभवन परिसर में आयोजित पौध रोपण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधे लगाना सभी की नैतिक जिम्मेदारी व कर्तव्य है। उन्होंने अधिकारियों को वनों में आग की घटनाओं को रोकने के लिए उचित कदम उठाने को कहा। राज्यपाल ने कहा कि अधिक से अधिक पौध रोपण करने उन्हें जीवित रखने और उनकी देखभाल सुनिश्चित करने के लिए वन विभाग को लक्ष्य निर्धारित करने चाहिए। इस अवसर पर आज शिमला के गेयटी थियेटर में पर्यावरण, विज्ञान प्रौद्योगिकी और जलवायु परिवर्तन विभाग, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और हिमकोस्ट द्वारा संयुक्त रूप से राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जिसकी अध्यक्षता प्रदेश के मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना ने की। सक्सेना ने इस मौके

पर कहा कि जलवायु परिवर्तन के कारण प्रदेश में ग्लेशियर पिघल रहे हैं। खतरे को देखते हुए राज्य सरकार चार ग्लेशियरों के अध्ययन के लिए जुलाई में एक टीम भेजेगी। मुख्य सचिव ने ये भी कहा कि प्रदेश के जंगलों में लोगों की लापरवाही से आग लग रही है और इसे जनता के सहयोग के बिना बुझाना संभव नहीं है। इस मौके पर मुख्य सचिव ने पर्यावरण की बेहतरी के लिए प्रदेश के पांच स्कूलों को ग्रीन स्कूल अवार्ड से नवाजा। इनमें तीन सरकारी स्कूल और दो निजी स्कूल शामिल हैं। टैरिटोरियल आर्मी की एक सौ 33वीं इन्फेंट्री बटालियन इको डोगरा ने विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर आर.एम.एस. चैल के कैडेटों के सहयोग से वृक्षा रोपण का आयोजन किया। बटालियन ने 3 से 5 जून तक पर्यावरण को लेकर विभिन्य कार्यक्रम आयोजित किए। संत निरंकारी मिशन ने इस मौके पर शिमला में पौध रोपण व सफाई कार्यक्रम आयोजित किया और रिज मैदान पर मानव श्रृंखला बना कर और नुक्कड़ नाटक का आयोजन कर लोगों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक हरीश जनारथा ने किया।

## चंबा पर्यावरण

विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर चंबा में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर स्कूली बच्चों और अन्य लोगों ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। इस मौके पर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मंगला के छात्र व छात्राओं ने चंबा बाजार में एक जागरूकता रैली निकाली और लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। उधर किन्नौर जिला मुख्यालय रिकांगपिओ में उपायुक्त अमित कुमार शर्मा ने स्कूली बच्चों और वन कर्मियों को पर्यावरण सरंक्षण की शपथ दिलाई और देवदार का पौधा रोपित किया। सोलन शहर में विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर निगम आयुक्त एकता कपटा और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव आकांक्षा डोगरा के नेतृत्व में विभिन्न स्थानों पर स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया।

## लाहौल पर्यावरण

लाहौल स्पीति में विश्व पर्यावरण दिवस अटल टनल रोहतांग के समीप जिला प्रशासन और सीमा सड़क संगठन ने संयुक्त रूप से मनाया। इस मौके पर जहां स्कूली बच्चों और वन विभाग के कर्मियों द्वारा रैली निकाली गई वहीं पर्यावरण संरक्षण को लेकर प्रदर्शनी भी लगाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुल्लू वन वृत के आरण्यपाल संदीप शर्मा ने की। लाहौल स्पीति के उपायुक्त राहुल कुमार ने इस मौके पर पर्यटकों की बढ़ती आमद को देखते हुए जिले में सतत पर्यटन को बढ़ावा देने पर जोर दिया।